Title : Need to conduct elections in B.H.U and other Central Universities in the country.

श्री धर्मेन्द्र यादव (मैनपुरी) : सभापति महोदय, आज आपने इस मंच पर बोलने के लिए जो मुझे मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद देता हूं। मैं केन्द्र सरकार का ध्यान छात्र संघ के चुनावों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। भारत का लोकतंत्र दुनिया के सबसे अच्छे लोकतांत्रिक देशों में से एक है और हर भारतीय को अपनी इस लोकतांत्रिक परम्परा पर गर्व है और उसका एहसास है। आजादी के समय छात्रों और नौजवानों ने जो आंदोलन चलाए, जो संघर्ष किये और जो कुर्बानियां और बलिदान दिये,â€¦ (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: This is a matter of the State of UP.

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : Since he is a maiden speaker and it is his maiden speech, he may be allowed to speak.

श्री धर्मेन्द्र यादव : सर, मेरा पहला स्पेशल मेंशन है, इसलिए मुझे बोलने का मौका दीजिए। आजादी के समय से लेकर देश के निर्माण में और आपातकाल के दौर में छात्रों और नौजवानों ने जो आंदोलन चलाए और उन आंदोलनों के पीछे जो कारण था, छात्र संघ बहाली की तरफ मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जहां एक ओर देश तमाम लोकतांत्रिक संस्थाओं का गठन कर रहा है, वहां दूसरी ओर छात्रों की आवाज उठाने वाला छात्र मंच होता है। अधिकांश केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में आज छात्रसंघ पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं, चाहे बीएचयू हो या जामिया मिलिया या फिर लखनऊ का डा0अम्बेडकर विश्वविद्यालय। यही स्थिति देश के तमाम केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की है। मै आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अपील करना चाहता हूं और यह छात्रों की आवाज है कि केन्द्र सरकार के जो भी शैक्षणिक संस्थान हैं, उनमें छात्रसंघों की बहाली करने की कृपा करें।